पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने 10 लाख स्मार्ट मीटर का कीर्तिमान बनाया

नई दिल्ली। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 10 लाख से अधिक स्मार्ट मीटरों के विनिर्माण और तैनाती का अहम कीर्तिमान हासिल किया है। यह उपलब्धि देश में स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा देने और बिजली वितरण क्षेत्र के डिजिटलीकरण में कंपनी की मजबूत भूमिका को दर्शाती है। जयपुर स्थित पोलारिस की अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई में 10 लाखवें स्मार्ट मीटर का अनावरण सरकार और उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं आरवीपीएन के चेयरमैन श्री अजिताभ शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग भविष्य में ग्रिड प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा के एकीकरण और डेटा आधारित निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग के संस्थापक एवं सीईओ यशराज खेतान ने इसे आरडीएसएस के तहत कंपनी की क्रियान्वयन क्षमता का प्रमाण बताया। वहीं, ग्रुप चेयरमैन राजीव शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग एटीएंडसी नुकसान घटाने और बिजली वितरण को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने की रीढ़ है। वर्तमान में पोलारिस की विनिर्माण क्षमता 50 लाख मीटर की है, जिसे 2026 तक बढ़ाकर एक करोड़ मीटर किया जाएगा।